## खबर संक्षेप




### जैन मंदिर में 26-27 जनवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**शहडोल।** गणतंत्र दिवस और आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की तृतीय समाधि दिवस के अवसर पर जैन समाज द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आचार्य श्री के मानस पुत्र निर्यापक मुनि श्री 108 प्रसादसागर जी महाराज तथा मुनि श्री 108 शीतलसागर जी महाराज के सान्निध्य में 26 और 27 जनवरी 2026 को जैन मंदिर, शाहडोल (म.प्र.) में आयोजित होगा। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शुरुआत होने वाले इस शिविर में अनुभवी विशेषज्ञ मरीजों की जांच और उपचार करेंगे। शिविर में नाड़ी परीक्षण, जड़ी-बूटी काढ़ा, आयुर्वेदिक औषधियां, प्राणिक हीलिंग, एक्यूप्रेशर और मर्म चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। आयोजन समिति के अनुसार मरीजों को तत्काल उपचार एवं परामर्श देने के लिए देशभर से जाने-माने वैद्य और चिकित्सक शामिल होंगे। पहले दिन डॉ. शैलेश भोंगाल, डॉ. मंजीर और ब्र. आशीष सेवाएं देंगे, जबकि दूसरे दिन डॉ. गायस इंदौर, डॉ. शिल्पी भोंगाल, डॉ. अभय ग्वालियर, नागपुर से नाड़ी वैद्य टिक्कल, चंद्रपुर से डॉ. राम मैत्र तथा कोतमा से डॉ. पंकज अपनी विशेषज्ञता के साथ उपस्थित रहेंगे। इस चिकित्सा शिविर में शांति धारा गौशाला बीना बारहा और पूर्णायु आयुर्वेद जबलपुर का विशेष सहयोग रहेगा। कार्यक्रम का संचालन श्री पाश्र्वनाथ ट्रस्ट समिति, नवयुवक-महिला-बालिका मंडल एवं समस्त जैन समाज, शाहडोल द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सेवा कार्य का लाभ उठाने की अपील की है। संपर्क हेतु 9425839766, 9425078221 और 9806792093 नंबर जारी किए गए।

### बुढ़ार में गूंजा ग्रामोदय का संकल्प

**बुढ़ार।** नेहरू डिग्री कॉलेज में जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम में समाज सेवा के नए तेवर दिखे। मुख्य अतिथि मनोज गौतम ने दो-टूक कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अगर गरीब और वंचित वर्ग के आखिरी व्यक्ति तक नहीं पहुँचा, तो हर अभियान बेमानी है। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रो-एक्टिव होने की चेतावनी देते हुए कहा कि केवल फाइलों में नहीं, बल्कि गांव की चौपाल तक पहुँचकर बदलाव लाएँ। रवि रजक की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम ने स्पष्ट संदेश दिया कि सामाजिक समरसता और योजनाओं का क्रियान्वयन अब प्राथमिकता पर होगा। ढिलाई बरतने वालों के लिए यहाँ कोई जगह नहीं है।

### राहत शिविर में संभाग भर के लोगों को मिलेगा लाभ



**शहडोल।** आगामी 13 से 15 मार्च तक शहडोल में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य राहत शिविर की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। कार्यक्रम आयोजक मंडल के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में कमिश्नर सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह से मुलाकात कर शिविर के बारे में चर्चा की गई। कमिश्नर से संभाग के तीनों जिलो एवं कलेक्टर से आग्रह किया गया कि जिला व ब्लाक स्तर तक स्क्रीनिंग कराई जाए ताकि अधिकाधिक लोगों को स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने मुख्यालय तक पहुंच सके। गौरतलब है कि रोटरी क्लब शहडोल व मंडला तथा राजकृष्ण तन्खा फाउंडेशन के सहयोग से शहडोल में राहत कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ करने प्रदेश के स्वास्थ्य व प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश की संपतिया उईके भी पहुंचेगी। कमिश्नर व कलेक्टर से मुलाकात करने वालों में रोटरी क्लब के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव विनोद प्रधान, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अजय बिजरा, विजय दुबे, प्रकाश गुप्ता, अमित गुप्ता देवेंद्र कुन्दनानी धर्मेंद्र नामदेव एव अन्य लोग शामिल रहे।

### घर-घर दस्तक दे रहे सरकारी दल, लापरवाहों की अब खैर नहीं

**शहडोल।** जनता की समस्याओं को रद्दी की टोकरी में फेंकने का दौर खत्म हो गया है। शासन के संकल्प से समाधान अभियान ने सरकारी महकमों में हडक्रंप मचा दिया है। अब अधिकारी दफ्तरों में बैठकर फाइलों का इंतजार नहीं करेंगे, बल्कि गठित दल घर-घर पहुंचकर लोगों का दर्द सुन रहे हैं।

## बीजेपी जिलाध्यक्ष के भूखंड के लिए हाई-टेंशन वायर का रास्ता बदला, ग्रामीणों में आक्रोश

# एनएच-43 पर डेढ़ करोड़ की लाइन बिछाने में 'पावर पॉलिटिक्स'?






शहडोल।

शहडोल-उमरिया मार्ग पर स्थित नगर परिषद बकहो में गुरुवार दोपहर बिजली विभाग के एक कार्य ने पूरे क्षेत्र में बवाल खड़ा कर दिया। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण लिमिटेड बुढ़ार द्वारा नगर पालिका धनपुरी के लिए 33 केवी की हाई-टेंशन लाइन बिछाने के कार्य में कथित रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अमिताभ छपरा को लाभ पहुंचाने की कोशिश का आरोप लगाते हुए स्थानीय नागरिकों ने काम रोकवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस लाइन को सर्वे और एस्टीमेट के अनुसार सीधे एक किनारे से जाना था, उसे अचानक मोडक़र राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के डिवाइडर से क्रॉस कराया जा रहा था, जबकि इसके लिए संबंधित विभागों से अनुमति भी नहीं ली गई थी।

### भविष्य के निर्माण कार्य पर असर

यह हाई-टेंशन लाइन बकहो से निकलकर बुढ़ार होते हुए धनपुरी के वार्ड क्रमांक 02 में प्रस्तावित वाटर पार्क तक जानी है। लगभग डेढ़ करोड़ की लागत वाले इस काम का ठेका धनपुरी के मैसर्स अजहर नामक फर्म को मिला है। गुरुवार को विवाद तब शुरू हुआ जब कंपनी ने एनएच-43 के एक किनारे पर लगे खंभों और केबल को बीच सडक़ से क्रॉस कराकर दूसरी तरफ ले जाना शुरू किया। आरोप है कि इस तरह लाइन को मोडऩा भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा और उनके पति अरुण चपरा के बकहो स्थित भूखंड के सामने हाई-टेंशन लाइन नहीं जाने देने के लिए किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लाइन उनके भूखंड के सामने से गुजर जाती, तो प्लांट और भविष्य के निर्माण कार्य पर असर पड़ता।

### राजनीतिक प्रभाव का उपयोग

स्थानीय लोगों ने कलेक्टर, विद्युत वितरण लिमिटेड बुढ़ार तथा नगर पालिका धनपुरी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि विभाग ने न तो एनएच-43 को क्रॉस करने की अनुमति ली और न ही सडक़ों के बीच गड्ढे खोदने के नियमों का पालन किया। ग्रामीणों ने कड़ा सवाल उठाया, क्या सिर्फ जिलाध्यक्ष के परिवार की जान की कीमत है। क्या आम नागरिकों की जिंदगी सस्ती है। इस मसले पर भाजपा जिलाध्यक्ष पर राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर लाभ लेने के आरोप पहले भी लग चुके हैं। नगर के लोगों ने बताया कि इससे पहले शहडोल स्थित किरण टॉकीज के पास भी इसी तरह का विवाद सामने आया था, जहां निर्माण और विद्युत कार्य को कथित रूप से छपरा परिवार के प्रभाव में बदला गया था, जिसे बाद में प्रशासन ने वापस सही करवाया था। स्थानीय निवासी इसे उसी कड़ी का दूसरा बड़ा उदाहरण बता रहे हैं।

### जांच और कार्रवाई का आश्वासन

गुरुवार को जब हाई-टेंशन लाइन डालने के लिए एनएच-43 के डिवाइडर के बीच गड्ढे खोद दिए गए, तो स्थानीय नागरिकों का गुस्सा भडक़ गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और हंगामा खड़ा हो गया। ठेकेदार एजेंसी के प्रोपराइटर बल्लू भाई ने स्वीकार किया कि विवाद के कारण कार्य रोक दिया गया है और आगे वे विभाग के निर्देशों के अनुसार ही काम करेंगे। बुढ़ार विद्युत वितरण लिमिटेड के असिस्टेंट इंजीनियर ने भी माना कि मूल सर्वे में लाइन को सीधे ले जाने का प्रावधान था और एनएच-43 को क्रॉस करने का कोई निर्देश विभाग की ओर से जारी नहीं किया गया था। वे अवकाश से लौटने के बाद मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि यदि लाइन बीच सडक़ से दो बार क्रॉस कराई जाती है, तो यह न केवल तकनीकी रूप से अव्यवहारिक है बल्कि जान जोखिम में डालने वाला निर्णय भी है। उन्होंने मांग की है कि विभाग निर्धारित एस्टीमेट के अनुरूप ही लाइन एक किनारे से ले जाए, जिससे किसी भी नागरिक के जीवन और संपत्ति को खतरा न हो। गुरुवार को दिनभर चले विवाद के बाद निर्माण कार्य पूरी तरह रुक गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिला अध्यक्ष के भूखंड की सुरक्षा जरूरी है, तो फिर आम नागरिकों की जान और संपत्ति की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी होनी चाहिए। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं पर कार्रवाई की जाए।

### अलग-अलग बयान

यह पूरा प्रकरण सत्ता के दुरुपयोग का गंभीर उदाहरण है। सर्वे और एस्टीमेट में एक तरफ से लाइन ले जाने का प्रावधान था, लेकिन इसे मोडक़र जिस तरह बीच सडक़ से ले जाने का प्रयास किया गया, वह गैरकानूनी और खतरनाक है। जिलाध्यक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए जनता की जान जोखिम में डालना पूरी तरह गलत है। हमने कलेक्टर से कार्य रोकने की मांग की है।

**सरोज यादव, स्थानीय भाजपा नेता**

अमिता चपरा के जिलाध्यक्ष बनने के बाद से इसी तरह के विवाद बढ़े हैं। पहले किरण टॉकीज के पास ऐसा मामला सामने आया और अब बकहो में हाई-टेंशन लाइन को मोडऩा जनता के साथ अन्याय है। कांग्रेस सडक़ पर उतरकर इसका विरोध करेगी। यह जनता की सुरक्षा का सवाल है, न कि किसी नेता की निजी सुविधा का। प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए।

**अभिषेक सिंह उर्फ मामू, कांग्रेस नेता**

## बाबा बागेश्वर धाम के अनन्य भक्त शेखर शाह का अनोखा संकल्प

# नगर परिषद बकहो में भरपेट भोजन की सेवा शुरू





### साधारण पेंटर ने बनाया असाधारण उदाहरण

### शेखर शाह ने शुरू की 'बागेश्वर धाम रसोई', गरीबों को 1 रूपये में मिल रहा भरपेट भोजन

अमलाई।

नगर परिषद बकहो निवासी शेखर शाह पेशे से पेंटर हैं। सीमित आमदनी, परिवार की जिम्मेदारियां और रोज़ की चुनौतियों के बीच जीवन बिताने वाले शेखर शाह के भीतर समाज और धर्म के प्रति गहरी श्रद्धा बसी है। वे बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के अनन्य भक्त हैं और कई बार धाम जाकर दर्शन कर चुके हैं। शेखर बताते हैं कि बागेश्वर धाम में चलने वाले अनवरत भंडारे और वहां मिलने वाले प्रसाद का भाव सिर्फ भोजन भर नहीं, बल्कि सेवा का प्रतीक है। यही भाव उनके दिल को छू गया।

शेखर शाह कई बार बागेश्वर धाम गए और हर बार उन्होंने वहां मौजूद गरीब, असहाय और निराश्रित लोगों को देखा, जो सिर्फ इस भरोसे आते थे कि उन्हें बिना किसी भेदभाव के एक समय का भोजन जरूर मिलेगा। उन्होंने यह भी सुना कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री इस अनवरत भंडारे का आयोजन इसलिए करवाते हैं ताकि कोई भी गरीब भूखा न रहे, कोई भी पेट खाली न लौटे। बालाजी के प्रति उनकी श्रद्धा इतनी अटूट है कि वे हमेशा कहते हैं, सेवा ही सच्ची पूजा है और भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा धर्म।

बागेश्वर धाम से लौटने के बाद शेखर शाह के भीतर यह सवाल बार-बार उठने लगा कि जब धाम में हजारों की भूख मिटाई जा सकती है, तो क्या अपने नगर परिषद बकहो में रहने वाले गरीब वर्ग के लिए कुछ नहीं किया जा सकता? अपने क्षेत्र में भी उन्होंने ऐसे कई लोगों को देखा जो पेट भर भोजन जुटाने में असमर्थ हैं। यही सोच धीरे-धीरे एक संकल्प में बदल गई।

शेखर ने अपने मित्रों, परिचितों और स्थानीय लोगों से चर्चा की। कुछ लोगों ने हौसला बढ़ाया, कुछ ने आर्थिक मदद का वादा किया, लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि शेखर ने खुद अपने परिवार के लिए बचाए जा रहे पैसों को भी इस सेवा में लगा देने का निर्णय लिया। उनका कहना है कि अगर भगवान ने दिया है तो, उसका थोड़ा सा हिस्सा दूसरों पर भी खर्च होना चाहिए।

अयोध्या में रामलला प्रतिष्ठा को तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शेखर शाह ने गुरुवार से 1 रूपये में भरपेट भोजन की सेवा शुरू कर दी। यह सेवा नगर परिषद बकहो के कार्यालय के ठीक बगल में शुरू की गई है। फिलहाल यह रसोई सप्ताह में एक दिन गुरुवार को चलाई जाएगी, लेकिन शेखर का लक्ष्य है कि भविष्य में इसे प्रतिदिन किया जाए। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों से सहयोग की भी अपील की है। जैसे-जैसे लोग जुड़ते जाएंगे, सेवा का दायरा बढ़ता जाएगा।

शेखर शाह ने इस सेवा का नाम 'बागेश्वर धाम रसोई' रखा है। उनका मानना है कि यह केवल भोजन परोसने की व्यवस्था नहीं, बल्कि बाबा बागेश्वर धाम के भंडारे से मिली सीख का विस्तार है। वे कहते हैं कि मैं तो एक छोटा आदमी हूं, अगर मैं अपनी हैसियत में रहकर दूसरों का एक वक्त का भोजन तय कर सकता हूं, तो इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है।

शेखर का यह प्रयास नगर परिषद बकहो में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे एक प्रेरणादायक कदम बता रहे हैं। गरीबों को 1 रूपये में मिलने वाली थाली सिर्फ उनकी भूख नहीं मिटा रही, बल्कि समाज में दया, करुणा और मानव सेवा की नई मिसाल भी बनी है। एक साधारण पेंटर जब असाधारण कार्य कर सकता है, तो यह समझ आता है कि बड़े काम संसाधन से नहीं, बल्कि संकल्प से शुरू होते हैं। शेखर शाह की इस पहल ने यह साबित कर दिया कि यदि हर व्यक्ति थोड़ा-सा कदम उठा ले, तो समाज में कोई भी भूखा नहीं रहेगा।

## पटासी शिविर में फूटा जनसमस्याओं का लावा

## संकल्प से समाधान में मौके पर ही निपटाए 15 केस

### शेष के लिए अफसरों को एक हफ्ते का अल्टीमेटम

**शहडोल।** सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुके ग्रामीणों के लिए संकल्प से समाधान अभियान एक उम्मीद बनकर उभरा है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के सख्त तेवरों के बीच जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत पटासी में आयोजित शिविर में समस्याओं का भारी अंबार देखने को मिला। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह की मौजूदगी में लगे इस शिविर में ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया।

### फाइलों को छोड़ समाधान पर जोर

शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15 प्रकरणों का मौके पर ही निपटारा कर प्रशासन ने अपनी सक्रियता का परिचय दिया। शेष बचे 20 आवेदनों को लेकर एसीईओ ने विभागीय अधिकारियों को दो-टूक लहजे में चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर इनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### जहर मुक्त फसल ही असली कमाई

खेती को लाभ का धंधा बनाने का मंत्र देते हुए मुद्रिका सिंह ने प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर दिया। उन्होंने किसानों को चेताया कि रासायनिक उर्वरकों से मृदा और मानव स्वास्थ्य दोनों बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने जैविक खाद, गौमूत्र और ब्रह्मास्त्र-जीवास्त्र जैसे कीटनाशकों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मृदा संरक्षण अब विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए अनिवार्य कर्तव्य है।

### योजनाओं का जाल, फिर भी क्यों बेहाल

शिविर में प्रधानमंत्री जनमन योजना, हर घर जल, और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई। एसीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाएं केवल रजिस्टरों में नहीं, बल्कि हितग्राही के घर तक पहुंचनी चाहिए। शिविर में सरपंच भारत बैगा सहित पटवारी और विभिन्न विभागों के मैदानी अमले की मौजूदगी रही। प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि संकल्प से समाधान केवल नारा नहीं, बल्कि सरकार की कार्यशैली का नया चेहरा है।



# डॉक्टर सुधरें वरना कार्रवाई झेलें: क्षेत्रीय संचालक

### प्रसव कक्ष में अव्यवस्था और सीएम हेल्पलाइन में पेंडेंसी देख भड़कीं आरडी

**शहडोल।** अस्पतालों में इलाज के नाम पर खानापूर्ति और फाइलों में सिमटी स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. एस.बी. अवधिया ने बेहद आक्रामक रुख अख्तियार किया है। जिला चिकित्सालय शहडोल और सिविल अस्पताल ब्यौहारी के औचक निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं का अंबार देख डॉ. अवधिया का पारा चढ़ गया। उन्होंने दो-टूक कहा कि अस्पताल सफेद हाथी न बनें, डॉक्टर मरीजों से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें, वरना घर बैठने के लिए तैयार रहें।

**मरीजों से बदसलूकी बर्दाश्त नहीं-** निरीक्षण के दौरान डॉ. अवधिया ने चिकित्सकीय अमले को फटकार लगाते हुए कहा कि अस्पताल आने वाले पीड़ितों के साथ रूखा व्यवहार किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने प्रसव कक्ष की बदहाली पर नाराजगी जताते हुए सख्त निर्देश दिए कि शासन के प्रोटोकॉल के अनुसार प्रसूताओं को तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण आहार और गुड़ के लड्डू सुनिश्चित किए जाएं। दवाओं और उपकरणों की कमी को लेकर उन्होंने मौके पर ही जिम्मेदारों की क्लास ली।

**अन-अटेंडेड शिकायतों पर गाज गिरना तय-** आई.पी.पी. 6 सभागार में हुई समीक्षा बैठक में डॉ. अवधिया ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के ढेर को देख अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कड़े लहजे में निर्देश दिए कि संस्था प्रमुख स्वयं पोर्टल का निरीक्षण करें। अगर कोई प्रकरण अन-अटेंडेड मिला, तो संबंधित अधिकारी पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि टालमटोल की राजनीति अब स्वास्थ्य विभाग में नहीं चलेगी।

**आयुष्मान और टीबी मुक्त अभियान-** क्षेत्रीय संचालक ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने में हो रही सुस्ती पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने मिशन मोड में शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के आदेश दिए। राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत का सपना केवल कागजों पर पूरा नहीं होगा, नि-क्षय मित्रों के माध्यम से मरीजों को फूड-बॉस्केट और समय पर पोषण राशि उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

**एनआरसी और सिकल सेल -** डॉ. अवधिया ने निर्देश दिए कि एनआरसी वार्डों में बेड खाली मिलना विभाग की नाकामी है। कुपोषित बच्चों की भर्ती और डिस्चार्ज के बाद उनका फॉलोअप प्राथमिकता पर होना चाहिए। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और जागरूकता में कोताही बरतने वाले मैदानी अमले को भी सख्त चेतावनी दी। डॉ. अवधिया के इस कड़े तेवर ने महकमे में हडक्रंप मचा दिया है। बैठक में संयुक्त संचालक डॉ. जीएस परिहार, सीएमएचओ डॉ. राजेश मिश्रा और सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ सहित अन्य अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया है कि अब प्रदर्शन ही सेवा का एकमात्र पैमाना होगा।

## कागजों से बाहर निकलें, जमीन पर बढ़ाएं उत्पादन: कमिश्नर

शहडोल।

**संभाग में कृषि और उससे जुड़े विभागों की सुस्ती पर कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कड़ा प्रहार किया है। अमरकंटक सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कृषि वर्ष 2026 मात्र एक नारा बनकर न रह जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्रो-एक्टिव होने की हिदायत देते हुए कहा कि दलहन और तिलहन का रकबा बढ़ाना अब प्राथमिकता नहीं, बल्कि अनिवार्यता है।**




### पोर्टल और खेत में दिखना चाहिए काम

कमिश्नर ने विभाग की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य योजना के तहत जिलेवार ठोस कार्ययोजना तैयार कर तत्काल पोर्टल पर अपडेट की जाए। उन्होंने दो-टूक कहा कि केवल आंकड़ों की बाजीगरी से काम नहीं चलेगा, औसत कृषि उत्पादन में वृद्धि धरातल पर दिखनी चाहिए। प्राकृतिक खेती के नाम पर औपचारिकता पूरी करने के बजाय वास्तविक किसानों का चयन कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

### लापरवाही पर वार

माइक्रो इरिगेशन और ड्रिप स्प्रिंकलर के विस्तार में ढिलाई पर कमिश्नर ने सख्त लहजे में कहा कि वन ड्रॉप मोर क्रॉप के सिद्धांत को सख्ती से लागू करें। उन्होंने सवाल उठाया कि जब तकनीक उपलब्ध है, तो किसान पारंपरिक और महंगी खेती पर क्यों निर्भर है। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण देने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर सूक्ष्म तत्वों के उपयोग को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### क्लस्टर बनाओ या जिम्मेदारी छोड़ो

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने मिल्क रूट बनाने और नस्ल सुधार के कार्यों में गति लाने को कहा। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर और कामधेनु योजना के लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने की चेतावनी दी। मत्स्य पालन में केज कल्चर और मछुआरा समितियों के गठन में सुस्ती पर भी उन्होंने नाराजगी जताई।

### कमिश्नर के कड़े निर्देश

बीज उपलब्धता सुनिश्चित करें, उत्पादन बढ़ाना पहली शर्त। बिचौलियों को खत्म करने के लिए किसानों के समूह बनाएं। सहकारी समितियों का तत्काल कंप्यूटरीकरण हो और भंडारण क्षमता बढ़ाई जाए। मसाले, सब्जी और फूलों की खेती के लिए क्लस्टर आधारित रणनीति अपनाएं।

### किसान का लाभ ही एकमात्र पैमाना

बैठक के अंत में कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि खेती को लाभ का धंधा बनाना सरकार का संकल्प है। इसमें बाधा बनने वाले या शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में संयुक्त संचालक कृषि जे.एस. पेंद्राम सहित तीनों जिलों के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें अपनी कार्यशैली में तत्काल आमूल-चूल परिवर्तन लाने का अल्टीमेटम दिया गया है।

## कन्या महाविद्यालय की जांबाज स्वयंसेविकाओं ने कल्याणपुर में डाला डेरा

**शहडोल।** केवल डिग्री हासिल करना शिक्षा नहीं, बल्कि समाज की जड़ों से जुडऩा ही असली व्यक्तित्व विकास है। इसी संकल्प के साथ शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने ग्राम कल्याणपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर के जरिए सेवा और संस्कार का मोर्चा खोल दिया है। 20 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस शिविर का आगाज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में पूरे जोश-खरोश के साथ हुआ।

**शिक्षा वही जो समाज के काम आए: डॉ. तिवारी-** शिविर के शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. मुकेश तिवारी ने छात्राओं में ऊर्जा भरते हुए दो-टूक कहा कि एनएसएस जीवन निर्माण की वह प्रयोगशाला है, जहाँ किताबी ज्ञान को सेवा के धरातल पर उतारा जाता है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

**विवेकानंद के आदर्शों से व्यक्तित्व चमकाने की सीख-** प्रो. आर.के. सोनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को युवाओं का एकमात्र मार्गदर्शक बताया, वहीं डॉ. वगेश तिवारी ने योग और ध्यान के जरिए शारीरिक-मानसिक सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यमुना धुर्वे के कुशल संचालन में छात्राओं ने शपथ ली कि वे अगले सात दिनों तक ग्रामीण परिवेश में बदलाव की वाहक बनेंगी। आभार प्रदर्शन डॉ. प्रियंका मार्को ने किया।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**उमरिया।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का मुख्य समारोह स्टेडियम उमरिया में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। मुख्य समारोह में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे,तत्पश्चात मुख्य अतिथि व्दारा परेड का निरीक्षण,संदेश वाचन, झांकियो का प्रदर्शन तथा पुरस्कार वितरण होगा।

### गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर आयोजित होगा भारत पर्व कार्यक्रम

**उमरिया।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर संध्या कालीन भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन उमरिया में सायं 6 बजे से किया जाएगा। भारत पर्व कार्यक्रम में राधारानी, देशभक्ति गीत, चुन्नीलाल बैतूल के 6 सदस्यीय टीम द्वारा तथा बैगा लोक नृत्य पद्मश्री अर्जुन सिंह डिंडौरी की 13 सदस्यीय टीम व्दारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगे। साथ ही वंदेमातरम चित्र प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### एमडीए कार्यक्रम हेतु मीडिया एडवोकेसी आज

**उमरिया।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय फाईलेरिया कार्यक्रम 10 फरवरी से 24 फरवरी तक मनाया जाएगा। इस दौरान सामूहिक दवा सेवन के तहत दो वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियो को डी ई सी एलवेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन गोली की खुराक खिलाई जाएगी । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि एम डी ए के सफल क्रियान्वयन हेतु 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला चिकित्सालय उमरिया में मीडिया एडवोकेसी का आयोजन किया गया है । मीडिया एडवोकेसी मे समस्त पत्रकारो से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### अवैध रूप से लगे होर्डिंग पर कार्यवाही की मांग



**कोतमा।** नगर में जगह-जगह अवैध होडिंग लगाए गए हैं। व्यापारियों विद्यालयों जनप्रतिनिधियों एवं अस्पतालों के प्रचार-प्रसार के लिए नगर में विद्युत के खबों यहां तक की रेलवे की भूमि पर भी बिना रेलवे के अनुमति के जगह जगह दिए गए हैं। ऐसा ही नजर गुरुवार को नगर में देखने को मिला जब रेलवे स्टेशन कोतमा अंतर्गत रेलवे पुलिस द्वारा नगर में चल रहे मंत्री प्रीमियर लीग मैच हेतु अस्थाई रूप से लगे होर्डिंग बोर्ड को जप्त करने की कार्यवाही की गई। इस संबंध में जब रेलवे के कार्मशियल विभाग के अधिकारी से बात की गई तो उनका कहना था कि ट्विटर पर इस तरह अवैध रूप से बोर्ड लगाने के खिलाफ किसी ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की थी इसी संबंध में आज यह कार्यवाही की गई है। नागरिकों ने नगर पालिका अधिकारी से नगर में जगह-जगह बिना परमिशन के अवैध रूप से लगे होर्डिंग पर कार्यवाही करते हुए जप्त करते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

### पुलिस ने 400 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोतमा।** थाना अंतर्गत पुलिस ने खमरौंध गांव में दबिश देते हुए 400 ग्राम गांजा कीमती 5 हजार के साथ आरोपी देवनारायण चौबे 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपी के घर के अंदर तलाशी के दौरान मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। मामले में धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गांव में गांजा तस्करी की सूचना पर कार्यवाही की गई है। सूत्रों के अनुसार प्रकरण में आरोपी सत्ता पक्ष से जुड़े होने के कारण कार्यवाही प्रभावित करने के लिये दबाव भी बनाया जाता रहा। लेकिन पुलिस के आगे एक न चली।

## योजनाओं और कार्यक्रमों के लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

# कलेक्टर समन्वय कर बेहतर परिणाम दें: मुख्य सचिव

### कृषि वर्ष की कार्ययोजना पर भी हुआ विमर्श

**उमरिया।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर्स से कहा है कि वे जिलों में सरकार के प्रतिनिधि है और शासन की प्रत्येक योजना और कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सभी विभागों के अमले के साथ लीडर की भूमिका निभाकर सर्वश्रेष्ठ परिणाम दें। उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए जिला पंचायत और नगरीय क्षेत्र के विकास योजनाओं के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ उत्कृष्ट समन्वय बनाकर कार्य करने की जरूरत बताईं। मुख्य सचिव ने कहा कि टीम के रूप में काम करने में ही परिणाम आयेंगे और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सेक्टर बनाकर माह में कम से कम दो बैठक कर लंबित योजनाओं और कार्यक्रम के क्रियान्वयन में शतप्रतिशत उपलब्धि सुनिचिश्त करें। मुख्य सचिव श्री जैन ने बुधवार को मंत्रालय में कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के पालन प्रतिवेदन पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा की। कलेक्टर कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के दृष्टिगत संबंधित विभागों को आगामी एक वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए है।

इस अवसर पर उमरिया एनआईसी में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता , सीएमएचओ डा व्ही एस चंदेल, उप संचालक कृशि संग्राम सिंह मरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

मुख्य सचिव श्री जैन ने सुशासन को मध्यप्रदेश शासन का मूल मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बटवारा और सीमांकन जैसे प्रकरणों में सौ-सौ दिन की पेंडेंसी असंतोषजनक है। उन्होंने सम्पूर्ण राजस्व प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बावजूद इस तरह की कार्यप्रणाली को समन्वय के साथ दुरूस्त करने को कहा है। नामांतरण में मुरैना-भिंड, बटवारा के प्रकरणों में अनूपपूर और रीवा, भूमि के सीमांकन प्रकरणों में विदिशा और सतना, खसरा अपडेट में रीवा और इंदौर तथा अवैध कब्जा हटाने के मामले में भिंड और विदिशा जिलों की स्थिति अपेक्षाकृत असंतोषजनक पायी गयी है। राजस्व संग्रहण में कम वसूली को भी मुख्य सचिव ने गम्भीरता से लिया और निर्देश दिए कि टेक्नोलॉजी का लाभ लेकर राजस्व संग्रहण बढाये। उन्होंने राजस्व प्रकरणो में बटांकन के बाद रिकार्ड दुरूस्त होने के पश्चात ही प्रकरण को निराकृत मानने को कहा है। बैठक में समग्र पोर्टल में केवाईसी को इस वर्ष के अन्त तक शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिये है।

मुख्य सचिव श्री जैन ने एमपीई सेवा पोर्टल को प्रदेश के नागरिकों के लिए सेवाओं और सुविधा की दृष्टि से रिफार्म बताते हुए कलेक्टर्स और अन्य विभागों से कहा कि मार्च अंत तक सभी 1700 सेवाएं जुड़ जाए जिससे नागरिक इस पोर्टल के माध्यम से सेवाएं प्राप्त कर सकें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गांरटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक मे बताया गया कि लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त 1 करोड़ 9 लाख आवेदनों में से 1 करोड़ का निराकरण किया गया है इस मामले में निवाड़ी और बड़वानी टॉप पर जबकि मऊगंज और शिवपुरी निचले पायदान पर हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कलेक्टर संवेदनशीलता बरतें और समयअवधि बैठक में हर सप्ताह समीक्षा करें। उन्होंने निवास और आय प्रमाण पत्र, सीमांकन, अविवादित नामांतरण और जन्म के एक वर्ष पश्चात पंजीयन जैसी सेवाएं समय अवधि में निराकृत करने के निर्देश दिये। वर्तमान में 735 सेवाएं लोक सेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित हैं जिनमें से 602 ऑनलाइन है शेष 133 सेवाओं को भी ऑनलाइन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की कई शिकायतों को अटेंड नहीं किये जाने पर बैतूल, मऊगंज, शहडोल और भोपाल जिलों को सुधार करने की हिदायत दी। उन्होंने भूमि विवाद के मामलों में समय पर एफआईआर दर्ज नही करने पर सेवा में कमीं बताया और आमजन को राहत पहुंचाने वाले इन कार्यों को सर्वोच्चप्राथमिकता से करने के निर्देश दिये।



मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स से कहा कि वे टीम भावना से काम करें और जन प्रतिनिधियों सहित आम आदमी से संवेदनशील व्यवहार रखें और यह उनकी कार्य संस्कृति में भी दिखना चाहिए । उन्होंने वन ग्राम से राजस्व ग्राम कार्य की धीमी गति पर अंसतोष व्यक्त किया तथा वन भूमि का दावा कार्य में भी कम प्रगति पर कलेक्टर्स को राजस्व और वन अमले के साथ बेहतर समन्वय कर 31 मार्च तक सभी प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कृषि वर्ष 2026 के विभिन्न 10 आयाम की समीक्षा की और वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर कृषि विकास के विभिन्न पहलूओं पर रणनीति बनाने के लिए कहा है। उन्होंने मिट्टी, पानी और मौसम को सटीक तकनीकी से जोडऩे और जिला स्तर पर प्लान बनाने को कहा है। उन्होंने सिंचाई सुविधाओं के निर्माण के समय आकल्पित सिंचाई क्षमता और वास्तविक सिंचाई क्षमता में अंतर होने को गम्भीरता से लिया और कहा कि राजस्व कृषि तथा जल संसाधान विभाग इस दिशा में सटीक योजना बनाकर क्रियान्वयन करें। बैठक में पराली/नरवाई जलाने पर रोक लगाने के लिए किसानों के बीच वैज्ञानिक तकनीकों के प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रेसराईज्ड सिंचाई, परड्राप, मोरक्राप, उद्यानिकी क्लस्टर , खाद्य प्रसंस्करण, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना एक बगिया माँ के नाम, डॉ. भीमराव कामधेनु योजना की भी समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने कलेक्टरर्स कों सभी योजनाओं का उत्कृष्ट क्रियान्वयन के निर्देश दिए है।

स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किये जाने के लिए कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे माह में स्वास्थ्य विभाग के साथ कम से कम दो बार बैठक करें और स्वास्थ्य मापदंडों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में गर्भवती महिलाओं की एएनसी जाँच पूरी गुणवत्ता से करने और असत्य आकँडें प्रस्तुत नहीं करने के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने शिवपुरी और अशोक नगर कलेक्टर को स्थिति में सुधार लाने को कहा है। बैठक में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गयी कि नवविवाहित महिलाओं के समग्र आईडी नहीं बनने से स्वास्थ्य सेवाओं से वह वंचित रह जाती है। बैठक में भिंड और ग्वालियर में भी स्वास्थ्य सेवाओं की अपेक्षाकृत स्थिति ठीक नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया गया है। बैठक में कुपोषण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे नगरीय निकायों से बेहतर समन्वय कर यह सुनिश्यत करें कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हों। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर सही रिपोर्ट देने की संस्कृति विकसित करें। नगरीय विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रदेश में चलाये जा रहे पट्टा वितरण अभियान में समय अवधि के साथ सभी कार्यवाही पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन और अमृत अभियान के कार्यों को गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने छतरपुर और मुरैना जिलों को स्वच्छ पेय जल पर विशेष ध्यान देने को कहा है। मुख्य सचिव ने 3000 पेयजल टंकियों की सफाई और पाइप-लाइन लीकेज सुधार कार्य पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने पी.एम स्वनिधि, नगरीय यातायात व्यवस्था, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, पी.एम ईव्ही बस सेवा तथा गीता भवन योजना आदि की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कहीं भी एंटी-रेवीज इंजेक्शन की कमी नहीं है।

मुख्य सचिव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि रोजगार गारंटी योजना, एनआरएलएम प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण सहित केन्द्र प्रवर्तीत योजनाओं और निर्माण कार्यों कों समय अवधि में पूरा करें जिससे आवंटित राशि लेप्स नहीं हो। उन्होंने कलेक्टर और जिला पंचायत के सी.ई.ओ के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत बताई और निर्देश दिए कि जिला पंचायत के सीईओ के अवकाश पर जाने पर स्थानीय व्यवस्था करें जिससे कार्य लंबित नहीं रहें। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की गयी और सिंगल विलेज में 31 मार्च तक शतप्रतिशत नल से जल पहुचाने के निर्देश दिये गए। अबतक 95 प्रतिशत ऐसे गांव में कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न

### वसूली के प्रकरणों में तेजी लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई । बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, न्यायालयीन प्रकरणो, लंबित सीएम मॉनिट, सीएस मानिट के प्रकरण , लंबित आडिट कंडिकाएं, पीएम किसान आधार, बैंक खाता लिंकिंग की स्थिति, पीएम किसान ई केवायसी की स्थिति, फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

कलेक्टर ने डायर्सन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 15 फरवरी तक वसूली करने के निर्देश दिए गए । आर आर सी के प्रकरणो में 31 मार्च से पहले वसूली करने के निर्देश दिए गए । नामांतरण के प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए । सीमांकन के प्रकरणो कि समीक्षा करते हुए पुराने प्रकरणों को पहले निराकृत करने तथा बाकी प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए । इसी तरह आधार सीडिंग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शेष बचे प्रकरणो में समस्याओं को दूर करते हुए समय सीमा में निराकरण किया जाए । फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए पटवारियो के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए गए वहीं काम न करने वाले पटवारियो के विरूध्दे कार्यवाही करने की बात कही एवं प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्धए कराने के निर्देश दिए ।

बैठक में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी,एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनांक्षी इंगले, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज,एस एल आर सतीश सोनी सहित तहसीलदार उपस्थित रहे।

### श्रम विभाग ने सीएम हेल्पलाईन में ग्रेड ए 83.27 की उपलब्धि हासिल की

**उमरिया।** श्रमपदाधिकारी ने बताया कि म.प्र. राज्य शासन द्वारा आम नागरिको की समस्याओं के निराकरण हेतु जन सेतु सीएम हेल्पलाईन की व्यवस्था की गयी है। श्रमपदाधिकारी ने बताया कि कलेक्टर उमरिया के निर्देशानुसार विभाग में पदस्थ कर्मचारियो के सतत प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुख्य नगरपालिका अधिकारी उमरिया, पाली, नौरोजाबाद, चंदिया, मानपुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी करकेली,मानपुर, पाली से सीएम हेल्पलाईन के निराकरण हेतु समन्वय स्थापित किया जाकर श्रम विभाग कार्यालय श्रमपदाधिकारी उमरिया को प्रथम बार 83.27 प्रतिशत के साथ ग्रेड ए की उपलब्धि हासिल हुई है। श्रम विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में पंजीकृत हितग्राहियो की संख्या 191263 एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना (2.0) में हितग्राहियो की संख्या 41571 पंजीयन जारी है। इसी प्रकार भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण योजना में हिताग्राही पंजीकृत है।



# मलियागुड़ा में ग्राम महोत्सव संपन्न

**उमरिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड पाली के अंतर्गत ग्राम मालियागुड़ा नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला एवं विकास खंड समन्वयक पुष्पा टेकाम के निर्देश व मार्गदर्शन मे ग्रामोत्सव से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम के तहत ग्राम उत्सव का सफल आयोजन किया गया। वर्तमान मे रोजगार गारंटी योजना के नाम परिवर्तन कर योजना का नया नाम जी राम जी द्वारा 125 दिन की रोजगार गारंटी की बात पर प्रकाश डाला गया। साथ ही कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सामाजिक सहभागिता,प्रतिभाओं के प्रोत्साहन एवं जन जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर जन अभियान परिषद विकास खंड समन्वयक मुख्य वक्ता लोक नाथ,मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मी,नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सचिव व सदस्यों व परामर्शदाता संजय कुमार साहू प्रस्फुटन समिति सुंदरदादर मुदरिया मालियागुड़ा कुरकूचा अध्यक्ष सचिव व समिति के सदस्यगण व सीएमसीएलडीपी निधि सिंह,सचिन,अजय,प्रज्ञा, लक्ष्मी,पूजा,रजनी,प्रीति, रोहन अन्य ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं समिति सदस्य मात्रशक्तियों एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्वतंत्र, निष्पक्ष, समाजोपयोगी निडर पत्रकारिता करें, समाचार लेखन में पत्रकार स्वयं ना बनें पक्षकार- मनोज द्विवेदी



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सभी सदस्य साथियों से मेरा आग्रह है, कि समाचार लेखन और प्रसारण मे हम स्वयं पक्षकार ना बनें। जब कोई पत्रकार किसी मुद्दे पर स्वयं शिकायत कर्ता, स्वयं दरोगा, स्वयं न्यायधीश बन कर किसी विषय पर कार्य करता है तो वह स्वयं एक पक्ष बन जाता है। इसके बाद ही पत्रकार विवादों मे घिर कर खतरे मे पड जाता है। जिला मुख्यालय मे आयोजित मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपरोक्त विचार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहडोल संभाग प्रभारी मनोज द्विवेदी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार साथी स्वतंत्र, निष्पक्ष, समाजोपयोगी निडर पत्रकारिता करें। उन्हे स्वतंत्र पत्रकारिता करते हुए ना किसी से डरना चाहिए और ना ही किसी को डरवाना चाहिए। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ अपने सदस्य साथियों के साथ प्रत्येक अवसर पर मजबूती से खडा है। वरिष्ठ पत्रकार धनंजय तिवारी ने कहा कि हमारा संगठन पत्रकारों की मजबूती के लिये एकजुटता से पत्रकारों के हितों की लडाई लडता आ रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व मे यह संगठन पिछले 40 साल से कार्य कर रहा है। शहडोल संभाग के अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि अनूपपुरर जिले मे पिछले 25 साल मे ऐसे बहुत से अवसर आए जब मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने पत्रकारों के कल्याण और उनके हितों के लिये संघर्ष किया है। यह प्रदेश का एकमात्र रजिस्टर्ड पत्रकार यूनियन है, जिसकी हर जिले और संभाग मे इकाईयां गठित हैं। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश पयासी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे कहा कि हमारा संगठन पत्रकारों के लिये हर पल तत्पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री भदौरिया के नेतृत्व मे पत्रकारों के लिये हमारी 21 मे से 16 मांगे सरकार ने मान ली हैं। कार्यक्रम मे आए पत्रकारों ने संगठन हित मे अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी सदस्य साथियों को परिचय पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## आप अपना कर्तव्य कीजिए- पंकज शर्मा



**राजनगर।** एक सामाजिक प्राणी होने के नाते मनुष्य के लिए कुछ विशिष्ट नियमों और सामाजिक कर्तव्यों का पालन करना बेहद आवश्यक हो जाता है। विश्व में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो सब कुछ जानता हो। हम जिससे भी मिलते हैं, उससे हमें कुछ न कुछ सीखने को अवश्य मिलता है। हमें हर समय हर तरह से अन्य लोगों के दृष्टिकोण और उनकी अभिवृत्ति का सम्मान करना चाहिए। अन्य लोगों की बातें सुनने, उन्हें समझने के लिए हमें हमेशा अपने मस्तिष्क को खुला रखना चाहिए, परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नहीं है कि हम दूसरों की प्रतिक्रिया, उनके मत या उनके विचार के दास बनकर रह जायें। आधुनिक मनोविज्ञान इस बात पर जोर देता है कि व्यक्ति को अपनी एक स्वस्थ छवि निर्धारित करने का प्रयत्न करना चाहिए, आप अपने आप से पूछिए कि क्या आपकी यह छवि दूसरों की इच्छानुसार होनी चाहिए? यहां यह बात भी महत्वपूर्ण है कि क्या आप अन्य लोगों के कहे अनुसार अपने जीवन के नियम बनायेंगे? क्या अन्य लोग यह निर्धारित करेंगे कि आप किस तरह के कपड़े पहनेंगे, क्या खायेंगे? यदि ऐसा जीवन जीना पड़े, तो वह किसी भी व्यक्ति के लिए असहनीय हो सकता है। बहुत से लोग निरंतर अपनी छवि निर्धारित करने, उसे दूसरों के अनुसार बनाने के दबाव में रहते हैं, उदाहरण के लिए, मैं काम के लिए जाऊंगा तो पड़ोसी क्या सोचेंगे? अगर मैंने पार्टी नहीं दी, तो लोग क्या कहेंगे? अगर मैंने अपनी बेटी की आलीशान शादी नहीं की, तो मेरे परिचित क्या कहेंगे? और इस तरह यह सिलसिला निरंतर चलता रहता है। जब आप मुझसे यह प्रश्न पूछेंगे कि लोग क्या कहेंगे, तो मेरा उत्तर हमेशा यही होगा कि अन्य लोग क्या कहेंगे, इस बारे में आपको परेशान नहीं होना चाहिए, उन्हें जैसा अच्छा लगता है, उन्हें कहने दीजिए, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए कि उनका कुछ भी कहना आपको परेशान करने लगे। लोग क्या कहेंगे यह बात बिल्कुल मायने नहीं रखती है। मायने बस यही रखता है कि आप क्या करते हैं। आपको केवल अपना कर्तव्य करते रहना चाहिए, दूसरे जो कहते हैं, उन्हें बस कहते रहने दीजिए।

# जमुना कालरी में गूंजा हिंदू एकता का जयघोष

### विराट हिंदू सम्मेलन में संतों ने दिया 'पंच परिवर्तन' और सामाजिक समरसता का मंत्र



**बदरा/जमुना।** जमुना कालरी क्षेत्र आज भगवामय हो गया। यहाँ आयोजित 'विराट हिंदू सम्मेलन' में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत राम जानकी मंदिर से एक भव्य रैली के रूप में हुई। यह विशाल शोभायात्रा पूरे जमुना कालरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए स्टाफ दुर्गा पंडाल पहुंची, जहाँ इसने एक ऐतिहासिक धर्मसभा का रूप ले लिया। सम्मेलन में उपस्थित संतों और वक्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित होने, पारिवारिक मूल्यों को बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

### "राम राज्य चाहिए तो राम के पथ पर चलना होगा"

कथा वाचक जया मिश्रा ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि केवल 'राम राज्य' की कामना करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि राम के दिखाए मर्यादा के मार्ग पर चलना भी होगा। उन्होंने समाज में व्याप्त ईर्ष्या और द्वेष पर प्रहार करते हुए कहा, "हम रामायण और भागवत को तो मानते हैं, लेकिन रामायण और भागवत 'की' नहीं मानते। जब तक हमारे मन से एक-दूसरे के प्रति ईर्ष्या खत्म नहीं होगी, हिंदू समाज एक नहीं हो सकता।" उन्होंने पारिवारिक एकता को राष्ट्र की एकता की नींव बताते हुए कहा कि यदि घर में भाई-भाई के बीच दीवार खड़ी होगी, तो 'वसुधैव कुटुम्बकम' का सपना कभी पूरा नहीं हो सकता।

### "शास्त्र ही सनातन का आधार, संगठित होना समय की मांग"

पंडित हरीनारायण मिश्रा ने सनातन धर्म की वैज्ञानिकता और परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनगढ़ंत बातों के बजाय हमारे ऋषियों द्वारा लिखित धर्मग्रंथ ही हमारे जीवन का आधार होने चाहिए। वर्ण व्यवस्था और सामाजिक समरसता पर बोलते हुए उन्होंने शरीर के अंगों का उदाहरण दिया। उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार हाथ, पैर और आँखों का कार्य अलग है लेकिन वे एक ही शरीर का हिस्सा हैं, उसी प्रकार हमारी जातियां अलग हो सकती हैं, लेकिन हमारा मूल 'सनातन' एक है। उन्होंने आह्वान किया कि धर्म पर होने वाले आघातों का मुकाबला करने के लिए समाज को एक मुट्ठी बनकर खड़ा होना पड़ेगा।

### 'कुटुंब प्रबोधन' और 'प्लास्टिक मुक्त भारत' का आह्वान

महाकौशल प्रांत के सेवा प्रमुख आत्माराम दीक्षित ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन' के सूत्र को विस्तार से समझाया। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के संघर्षों को याद करते हुए वर्तमान समय में संयुक्त परिवार (कुटुंब प्रबोधन) की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री दीक्षित ने समाज के गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता जताते हुए एक व्यावहारिक सलाह दी: "परिवार को कम से कम भोजन के समय टीवी और मोबाइल को 'पार्किंग' में लगाकर एक साथ बैठना चाहिए और सुख-दुःख साझा करना चाहिए।" इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए 'पन्नी (प्लास्टिक) मुक्त भारत' बनाने और हर घर में वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया, ताकि गौ माता और प्रकृति दोनों की रक्षा हो सके। इस विशाल समागम में उमड़ी भीड़ और वक्ताओं के विचारों ने क्षेत्र में धर्म और राष्ट्रभक्ति की एक नई अलख जगा दी है।



### सिकल सेल एनीमिया का शिविर किया गया आयोजित

**कोतमा।** स्वास्थ्य विभाग अनूपपुर एवं आयुष विभाग अनुपपुर तथा जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था के सहयोग के गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में सिकल सेल एनीमिया का शिविर आयोजित किया गया। साथ ही आवश्यक औषधियों के साथ-साथ आयुर्वेदिक औषधियां वितरित किया गया। अश्वगंधा चूर्ण, त्रिकुट चूर्ण, रास्नासप्तक का कवाय आदि औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में 92 सिकल सेल से ग्रसित मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संगीता प्रजापति के द्वारा प्रत्येक मरीज की जांच की गई। शिविर में आए 14 मरीजों को वैक्सीनेशन लगाया गया। प्रथम डोज के चार मरीजों एवं दिवतीय डोज के 12 मरीजों को वैक्सिनेटेड किया गया। शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केएल दीवान, बीपीएम अजय सोनी, पवन गुप्ता, रोशनी राठौर, सीमा सिंह, द्रोपती, ममता, पूजा, अब्दुल, हनीफ, जितेंद्र की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### घर में घुस रहे शातिर चोरों को दबोचा

**शहडोल।** जिले की जैतपुर थाना पुलिस ने चोरी की एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए दो शातिर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस की इस मुस्तैदी ने क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह की कमर तोड़ दी है।

**रंगे हाथ पकड़ाए आरोपी**
वारदात 20 जनवरी की रात ग्राम रसमोहनी की है। फरियादी विवेक सोनी के घर में जब सन्नाटा पसरा था, तब खौफनाक इरादे से ये आरोपी छत के रास्ते दीवार फांदकर अंदर घुसे। आहट होते ही विवेक ने साहस दिखाया और पुलिस को सूचना दी। जैतपुर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी करते हुए सूरज सिंह गोंड उर्फ छोटू उम्र 22 वर्ष और उसके साथी अनिल प्रजापति उम्र 20 को धर दबोचा। दोनों आरोपी बरगवां-24 बंधवाटोला के निवासी हैं।

**बरामदगी और पुलिसिया शिकंजा-** पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। जैतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जिलाउल हक के नेतृत्व में सउनि सूर्यप्रताप परिहार और प्र.आर. सुभाष महोबिया ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।

### आईटीआई में हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**कटनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आवाज फाउंडेशन एवं आईटीआई कॉलेज के संयुक्त सहयोग से आइटीआई एनकेजे में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश सुमित शर्मा ने शिविर में छात्र-छात्राओं को पॉस्को कानून, श्रम कानून, अप्रेंटिस एक्ट, आईटी एक्ट एवं विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कानूनों के प्रावधानों, उनके महत्व तथा छात्रों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट लीगल एंड ऑफिसर हर्षित बिसेन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यप्रणाली, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता तथा भारत के संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहें।

### सरपंच ने करवाई पानी टँकी की सफाई

**बड़वारा।** बड़वारा ग्राम की सरपंच श्रीमति सुनैना बाई तेकाम के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण के समीप निर्मित पेयजल टँकी की साफ सफाई करवाई गई एवम जल सुद्धि करण करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर भी डलवाया गया है। ग्राम की सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम ने बताया कि शासन के द्वारा जनहित में लागू पँचायत स्तर की प्रत्येक योजनाओं को लागू करवाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। सरपंच ने कहा कि ग्राम के सभी पात्र व्यक्तियों को शासन द्वारा दी जाने वाली योजनाओं से लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है। सरपंच प्रतिनिधि ओमकार सिंह तेकाम उर्फ खली ने कहा ग्राम पंचायत बड़वारा में कोई भी व्यक्ति शासन द्वारा लागू की गई योजनाओं से वंचित नहीं रहने पाए यह हमारे ग्राम पंचायत सरपंच की प्रतिबद्धता है। प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल एवम शासन द्वारा दी जाने वाली बुनियादी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### भगवान वामन अवतार का हुआ पूजन अर्चन

**सिलौंडी।** सिलौंडी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में तीसरे दिन कथा व्यास दिव्य कृष्ण महाराज ने बताया कि भगवान ने वामन अवतार का लेकर राजा बलि के अहंकार का नाश किया था । ये अहंकार ही है जो मानव को पाप की ओर ले जाता है । स्वयं को भगवान से बढ़ा मानने लगता है ।विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, पान उमरिया मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,पूर्व जिला मंत्री , सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार ने कथावाचक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया ।भगवान वामन अवतार की अनुपम झांकी को देखकर लोगों मनमुग्ध हो गए ।

---

दूषित सप्लाई का खतरा, पाइप लाइन लीकेज से रोज बर्बाद हो रहे हजारों लीटर पानी, टूटी नाली बनी दुर्घटना का कारण

# वार्ड 15 में सालभर से बह रहा पानी

नगर पालिका धनपुरी के वार्ड क्रमांक 15 में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली अब खुलकर सामने आ गई है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सामने तथा धनपुरी आज़ाद चौक से लगभग 100 कदम चौक तक मुख्य पाइपलाइन से प्रतिदिन पानी का रिसाव हो रहा है।







धनपुरी।

वार्डवासियों के अनुसार यह समस्या एक-दो महीने की नहीं, बल्कि एक साल से अधिक समय से लगातार बनी हुई है। इसके चलते रोजाना हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है।स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों का कहना है कि पाइपलाइन से बहता पानी सड़क को कीचड़ और फिसलन में बदल देता है। इससे आवागमन बाधित होता है और दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलने का खतरा झेलते हैं। लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।वार्डवासियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा कभी-कभार लीकेज सुधारने के प्रयास किए गए, लेकिन वर्षों पुरानी और जर्जर पाइपलाइन होने के कारण मरम्मत टिक नहीं पाती। कुछ ही दिनों में पानी फिर से बहने लगता है और समस्या जस की तस बनी रहती है।सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनती है जब पानी की सप्लाई बंद होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सप्लाई बंद होने पर सड़क पर फैला गंदा पानी पाइपलाइन में वापस चला जाता है। इसके बाद अगले दिन नलों से दूषित और बदबूदार पानी आने की शिकायतें आम हो गई हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और पूरे वार्ड के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ गया है।इसी वार्ड में विकास लॉज के पास नाली टूटने की समस्या भी वर्षों से बनी हुई है। नाली का आकार इतना बड़ा हो चुका है कि वहां से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में यह जगह और भी खतरनाक हो जाती है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।वार्डवासियों का साफ कहना है कि अब केवल अस्थायी मरम्मत से काम नहीं चलेगा। पूरी पाइपलाइन बदलने और नाली का स्थायी निर्माण ही इस समस्या का समाधान है। लोगों का कहना है कि यदि पार्षद स्तर पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाया जाए, तभी नगर पालिका प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान देगा और वार्ड 15 के नागरिकों को राहत मिल सकेगी।

## कुपोषण के खिलाफ जंग या महज आंकड़ों का खेल

**शहडोल।** जिले से कुपोषण के कलंक को मिटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मोर्चा तो खोल दिया है, लेकिन जमीनी हकीकत संसाधनों और बढ़ते दबाव के बीच झूल रही है। जिले के पोषण पुनर्वास केंद्रों की ताजा रिपोर्ट चौंकाने वाली है, जहां एक ओर कुछ केंद्रों पर बेड खाली पड़े हैं, वहीं ब्यौहारी और गोहपारू जैसे क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों की संख्या क्षमता से बाहर निकल चुकी है।

**ब्यौहारी और गोहपारू में ओवरलोड-** हैरानी की बात है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्यौहारी और गोहपारू में कुपोषण की स्थिति इतनी भयावह है कि यहां निर्धारित 10-10 बिस्तरों के मुकाबले 12 और 13 बच्चों को भर्ती करना पड़ा है। इसके उलट जिला चिकित्सालय शहडोल जैसे बड़े केंद्र में 20 में से केवल 13 बेड ही भरे हैं। सवाल यह उठता है कि क्या मैदानी अमला जिला स्तर पर बच्चों को शिफ्ट करने और उचित समन्वय बिठाने में नाकाम साबित हो रहा है।

**70 बेड, 62 जिंदगियां-** जिले के कुल 70 बिस्तरों में से 62 पर मासूमों का उपचार जारी है। बुढ़ार में शत-प्रतिशत बेड भरे हैं, जबकि सिंहपुर में 4 बिस्तर अब भी खाली हैं। प्रशासन का दावा है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा और संतुलित पोषण दिया जा रहा है, लेकिन ओवरलोड केंद्रों पर संसाधनों का अभाव व्यवस्थाओं की पोल खोल रहा है। कुपोषण के खिलाफ यह लड़ाई केवल कागजी आंकड़ों से नहीं जीती जा सकती। जब तक बेड मैनेजमेंट और समन्वय दुरुस्त नहीं होगा, तब तक अति-कुपोषित बच्चों की जान जोखिम में बनी रहेगी।

## तीर्थयात्री द्वारका सोमनाथ के लिए हुए रवाना शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर जताया आभार



उमरिया।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले से 179 तीर्थ यात्री स्पेशल ट्रेन से व्दारका सोमनाथ के लिए गाजे बाजे के साथ रवाना हुए । इस अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से तीर्थ यात्रियों तथा उनके साथ जा रहे सहायकों का फूल मालाओ के साथ स्वागत किया गया। तीर्थ यात्रियों के टिकट के वितरण के लिए अलग अलग व्यवस्थाएं की गई थी ।

तीर्थ यात्री त्रिवेणी नामदेव निवासी कैंप, सुशीलादेवी बर्मन निवासी बिरसिंहपुर पाली, मंगल प्रसाद बारी निवासी बिरसिंहपुर पाली, प्रकाश नारायण कचेर निवासी ग्राम चिल्हारी, रामचरण गुप्ता निवासी ग्राम चिल्हारी , बसोहरी गडारी निवासी ग्राम सेमरिया तथा संतोष कुमार मिश्रा निवासी खलेसर ने बताया कि प्रशासन व्दारा तीर्थ यात्रियों के बेहतर व्यवस्थाएं की गई थी, टिकट वितरण से लेकर गाडी रवाना होने तक प्रशासन ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया ,इसके लिए तीर्थ यात्रियों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर स्टेशन परिसर में श्रद्धालु यात्रियों के साथ आम नागरिकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## तृतीय चरण में शिविरों के आयोजन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए विकसित भारत अंतर्गत संकल्प से समाधान अभियान 31 मार्च 2026 तक चार चरण में आयोजित किया जाना है। जिसमें 21 विभागों की 106 हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन घर-घर जाकर (अवकाश दिवसो को छोडक़र) सूची में दर्शित सेवा अनुसार आवेदन प्राप्त कर पोर्टल में दर्ज कराते हुए निराकरण कराया जाना है।

कलेक्टर ने अभियान के सुचारू सफल संचालन हेतु तृतीय चरण में शिविरों के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया है । जिसमें अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह,अनुविभागीय अधिकारी मानपुर हरनीत कौर कलसी तथा अनुविभागीय अधिकारी पाली मीनांक्षी इंगले शामिल हैं।

उन्होने निर्देशित करते हुए कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान के सुचारू संचालन हेतु आपकी यूजर आई.डी./पासवर्ड (संलग्न) तैयार किया जाकर आपकी ओर प्रेषित कर दिया गया है तथा आप अपनी लॉगिन से अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत । वार्ड के लिए गठित दल की यूजर आई.डी. बनायी जाकर संबंधितों को प्रदाय की जाकर कार्यक्रम सफल क्रियान्यवयन कराना सुनिश्चित करें तथा अभियान हेतु लगाये गये समस्त अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित दिनाकों में कार्य संपादित कराए जाने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चत करेंगे।

## अमरकंटक के दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 12 स्थित श्री दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र परिसर में मां नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर सघन वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 400 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। श्री दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी अमरकंटक के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बांस, पीपल, बट, साल, गुलमोहर एवं मीठी नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का उद्देश्य अमरकंटक के प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना रहा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उईके, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते, वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद श्रीमती निधि जैन, वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद श्रीमती विमला दुबे, जैन मंदिर के प्रमुख लक्ष्मी नारायण जैन, प्रबंधक प्रकाश जी, सुनील जैन बाबा, निलेश जैन, देवेंद्र जैन, चुन्नू जैन, राकेश जैन, आदित्य जैन, अनुज जैन, दया जैन, प्रकाश चंद जैन, अभिषेक जैन, संदीप जैन, दीपक जैन सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पत्रकार विपुल बर्मन ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने "वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ" का संकल्प लेते हुए कहा कि पवित्र नगरी अमरकंटक के वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण से मुक्त पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने संदेश दिया कि "जंगल रहेगा तभी जीवन रहेगा", और पर्याप्त संख्या में वृक्ष लगाए जाने से ही अमरकंटक का पर्यावरण संरक्षित एवं संतुलित रह सकता है।

## विश्वविद्यालय के रावे छात्र सीखेंगे मृदा परीक्षण की बारीकियां

शहडोल।



पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के छात्रों का सरकारी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में स्टूडेंट रेडी कार्यक्रम रावे के अंतर्गत अटैचमेंट किया गया। इस अटैचमेंट कार्यक्रम के तहत छात्रों को मिट्टी परीक्षण की आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ प्रयोगशाला कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। अटैचमेंट अवधि के दौरान छात्रों को खेत से मिट्टी का नमूना एकत्र करने, नमूनों की प्रोसेसिंग, विद्युत चालकता, जैविक कार्बन एवं प्रमुख पोषक तत्वों की जांच की प्रक्रिया सिखाई जाएगी। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार करने और किसानों को वैज्ञानिक सलाह देने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी जाएगी।

सरकारी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के अधिकारियों द्वारा छात्रों को प्रयोगशाला उपकरणों के संचालन, रख-रखाव, रसायनों के सुरक्षित उपयोग तथा रिकॉर्ड संधारण के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रयोगशाला में गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा नियमों पर विशेष जोर दिया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमार राणा प्रभारी मृदा प्रशिक्षण प्रयोगशाला ने बताया कि इस प्रकार के अटैचमेंट से छात्रों को मैदानी अनुभव प्राप्त होता है, जिससे वे भविष्य में कृषि विभाग एवं अनुसंधान कार्यों में बेहतर योगदान दे सकेंगे। महाविद्यालय प्रबंधन ने इसे छात्रों के व्यावसायिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## महापौर ने नवीन चौपाटी का किया निरीक्षण कहा छोटे व बड़े दुकानदारों को मिले सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

शहर के सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में निर्माणाधीन नवीन चौपाटी का बुधवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर ने चौपाटी के ड्राइंग एवं डिजाइन का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चौपाटी में प्रस्तावित दुकानों का निर्माण इस प्रकार किया जाए, जिससे छोटे एवं बड़े दोनों प्रकार के दुकानदारों को व्यापार करने में समान सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि चौपाटी केवल व्यापारिक केंद्र न होकर शहरवासियों के लिए एक सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं सुरक्षित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित की जानी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हों। साथ ही, कार्य की गति तेज करते हुए निर्धारित समय-सीमा में चौपाटी निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

महापौर सूरी ने कहा कि नवीन चौपाटी नगर के समग्र विकास की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। चौपाटी के माध्यम से स्थानीय छोटे एवं मध्यम वर्ग के दुकानदारों को स्थायी आजीविका का अवसर प्राप्त होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य जनकल्याण, स्वरोजगार संवर्धन एवं शहरी सौंदर्यीकरण का सशक्त उदाहरण बनेगी, जो भविष्य में शहर की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को नई दिशा प्रदान करेगी।

इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुन्तला सोनी, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बुढ़ार में खाकी की शह पर सट्टे का तांडव

### बर्बादी की कगार पर युवा, नए प्रभारी के आते ही सटोरियों की चांदी!

शहडोल।

**जिले का बुढ़ार थाना क्षेत्र इन दिनों अपराधियों और सटोरियों के लिए स्वर्ग बन गया है। जब से थाने में नए प्रभारी ने पदभार संभाला है, तब से नगर और ग्रामीण अंचलों में सट्टे का अवैध कारोबार अपनी चरम सीमा लांघ चुका है। आलम यह है कि जो सट्टा कभी गलियों में छिपकर खेला जाता था, वह अब सार्वजनिक ठिकानों और मोबाइल फोन के जरिए बेखौफ संचालित हो रहा है।**




**बर्बाद हो रही नई नस्ल**

सटोरियों ने एक का अस्सी करने का ऐसा मायाजाल बुना है कि क्षेत्र का मजदूर और युवा वर्ग इसमें पूरी तरह फंस चुका है। अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई को रातों-रात दोगुना करने के फेर में गरीब परिवार दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं। बुढ़ार नगर के हृदय स्थल से लेकर दूरदराज के गांवों तक, सट्टे की पर्चियां धड़ल्ले से काटी जा रही हैं। आखिर प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस काले धंधे को किसका संरक्षण प्राप्त है।

**प्रभारी की कार्यप्रणाली पर उठते सवाल**

क्षेत्र में चर्चा आम है कि नए थाना प्रभारी के आने के बाद सटोरियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। पुलिस की सुस्ती या कथित मौन सहमति ने इन अपराधियों को अभयदान दे रखा है। जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में संदेह के घेरे में आ जाए, तो जनता न्याय की उम्मीद किससे करे। क्या पुलिस का खुफिया तंत्र इतना कमजोर हो गया है कि उसे गली-कूचों में सज रही सट्टे की महफिलें दिखाई नहीं देतीं।

**अपराध का ग्राफ बढने की आशंका**

सट्टे की इस लत ने युवाओं को चोरी और लूट जैसे अपराधों की ओर धकेलना शुरू कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन होने वाले विवादों की जड़ में भी यह अवैध कारोबार ही है। यदि समय रहते पुलिस अधीक्षक ने इस पर कड़ा संज्ञान नहीं लिया, तो बुढ़ार में सट्टे का यह कैंसर पूरे समाज को लील जाएगा। अब देखना यह है कि क्या शहडोल पुलिस के आलाधिकारी बुढ़ार पुलिस की इस सुस्ती को तोड़ते हैं या फिर महीने की सेटिंग के खेल में जनता को यूं ही लुटने के लिए छोड़ दिया जाएगा?

खबर संक्षेप

## जिले के 84 लोक सेवकों पर समय सीमा में सेवाएं प्रदान न करने पर शास्ति अधिरोपित

**अनूपपुर।** म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के तहत अधिसूचित सेवाओं को समय-सीमा के भीतर निराकरण करना है। पदाभिहित अधिकारियों (लोक सेवकों) द्वारा समय-सीमा में सेवा प्रदाय न करना मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारण्टी अधिनियम 2010 की धारा 5 (1), (2) का उल्लंघन है। अधिनियम के विहित प्रावधान अनुसार पदाभिहित अधिकारियों द्वारा अधिसूचित सेवाओं का लाभ समय-सीमा में प्रदाय करने में विफल रहे हैं। इस हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली के आदेशानुसार अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 की धारा 7 (1) (क) के तहत 84 पदाभिहित अधिकारियों पर 70 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने शास्ति की राशि जमा कराई जाकर चालान की एक प्रति जारी आदेश के तीन दिवस के भीतर कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन विभाग कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

## 24 जनवरी को सांध्यकालीन आयोजित होगा निर्झरणी महोत्सव

**अनूपपुर।** मां नर्मदा की पावन जन्म स्थली अमरकंटक में दो दिवसीय माँ नर्मदा महोत्सव-2026 का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को होगा। महोत्सव में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वाधान में तथा जिला प्रशासन अनूपपुर एवं श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के सहयोग से निर्झरणी महोत्सव का आयोजन 24 जनवरी को शाम 5 बजे से मां नर्मदा के रामघाट में किया जाएगा। निर्झरणी महोत्सव में बैगा जनजाति द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति डिण्डौरी जिले के अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथी, गोंड़ जनजाति द्वारा गुदुम बाजा नृत्य की प्रस्तुति अनूपपुर जिले के शिवप्रसाद धुर्वे एवं साथी तथा छत्तीसगढ़ी लोकगायन की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के संजीवन टांडिया एवं साथी द्वारा दी जाएगी। साथ ही भुवनेश्वर के सुनील साहू एवं साथी द्वारा शंखध्वनि एवं सिवनी की बाली ठाकरे एवं साथी द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। जिला प्रशासन अनूपपुर द्वारा नागरिकों से अमरकंटक नर्मदा महोत्सव एवं निर्झरणी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई है।

## वार्ड क्रमांक 2 में आरसीसी नाली निर्माण की मांग, पूर्व पार्षद ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।** नगर पालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 2 में लंबे समय से जर्जर नाली की समस्या को लेकर पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अनूपपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वार्ड में लगभग 400 मीटर लंबी आरसीसी नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है। पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 में मनमुख लाल के घर से बिजली ऑफिस तक की नाली करीब 40 वर्ष पुरानी हो चुकी है, जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में है। नाली के टूटे होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे जलभराव, बदबू और बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया कि उक्त नाली निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में भी स्वीकृत हो चुका है, इसके बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जनहित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि बारिश के पूर्व समस्या का स्थायी समाधान हो सके। स्थानीय नागरिकों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन इस जनहित की मांग पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

## वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार का भ्रमण कार्यक्रम

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार 23 जनवरी को दोपहर 1 बजे छतरपुर जिले से अनूपपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 8 बजे अनूपपुर पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे गुरू द्रोणाचार्य स्टेडियम कोतमा में आयोजित मंत्री प्रीमियर लीग (क्रिकेट टूर्नामेंट) में सम्मिलित होंगे। शाम 6 बजे सर्किट हाऊस अमरकंटक पहुंचेंगे।

### पुलिस बनी मूकदर्शक, जैतहरी सिवनी में कानून की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

# तहसीलदार जैहतरी के स्थगन आदेश को रौंदता अवैध निर्माण

### गुंडागर्दी, ऊंची पहुंच का रौब दिखा निर्माणकर्ता कर रहा अवैध निर्माण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील में कानून, आदेश और न्याय ये तीनों को पैरों तले कुचलने का मामला सामने आया है। तहसीलदार के स्पष्ट स्थगन आदेश के बावजूद अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है, पीड़ति फरियादी दर-दर भटक रहा है और हैरानी की बात यह कि पुलिस कथित रूप से अवैध निर्माणकर्ताओं की ढाल बनकर खड़ी नजर आ रही है। यह मामला अब सिर्फ जमीन विवाद नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और पुलिस की भूमिका पर बड़ा सवाल बन गया है। प्रार्थी के द्वारा निर्माण करता को मना किए जाने पर अनावेदकगण गाली-गलौज एवं मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते है और कहते है तुमको जहां जाना है चले जाओ मेरा तहसीलदार, थानेदार और नेताओ से खूब पटता है इसलिए हमारा कोई कुछ नही बिगाड सकता। जिले के जैतहरी तहसील अंतर्गत शिवनी गांव के गरीब पीड़ति की स्वामित्व वाली भूमि पर जबरन कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है। पीड़ति राजेंद्र प्रसाद मिश्रा पिता स्व. रोहिणी प्रसाद मिश्रा, निवासी ग्राम सिवनी, थाना जैतहरी के रहने वाले है जिनके जमीन पर आरोपी कुंज बिहारी राठौर, नेमकली राठौर एवं उमेश राठौर, निवासी ग्राम सिवनी थाना जैतहरी ने जबरन जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। पीड़ति ने इसकी शिकायत 14 दिसंबर 2025 को थाना जैतहरी में दिया साथ ही तहसीलदार जैतहरी ने स्थगन आदेश रा.प्र.क्र. 550/अ-70/25-26 आदेश दिनांक 24 दिसंबर 2025 को दे दिया लेकिन आज खबर लिखे जाने तक तहसीलदार के आदेश की अवहेलना बदस्तूर जारी है। पीड़ति का आरोप यह भी है कि घर और कुटिया तोड़कर, रास्ता बंद कर, प्रशासनिक आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य लगातार जारी रखा गया है। साथ ही बताया कि पुलिस को बार-बार सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, उल्टा उसे धमकाया गया है। यह मामला अब न्याय, प्रशासनिक निष्पक्षता और पुलिस की भूमिका पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

### घर तोड़ा, जमीन हथियाई अब खुलेआम गुंडागर्दी

पीड़ति के अनुसार, जिस भूमि पर उसका पहले से घर बना हुआ था, उसी को तोड़कर अनावेदकगण जबरन मकान निर्माण कर रहे हैं। कुटिया को ध्वस्त कर दिया गया, रास्ता बंद कर दिया गया और पीड़ति के आने-जाने का मुख्य मार्ग भी सील कर दिया गया है। यह सीधा-सीधा जबरन कब्जा और दादागिरी का मामला है, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं।



### तहसीलदार का आदेश बेअसर, कानून बना मज़ाक

दिनांक 24/12/2025 को तहसीलदार जैतहरी द्वारा संबंधित भूमि पर स्थगन आदेश रा.प्र.क्र. 550/अ-70/25-26 जारी किया गया। बावजूद इसके, आदेश को ठेंगा दिखाते हुए निर्माण कार्य लगातार जारी है। सवाल यह है कि जब तहसीलदार का आदेश ही नहीं माना जा रहा, तो आम नागरिक कानून से क्या उम्मीद करेंगे। जबकि प्रार्थी के द्वारा थाना जैतहरी को दोबारा 25/12/2025 आवेदन देकर अवगत कराया गया है उसके बाद भी आज दिनांक तक निर्माण कार्य का होना जैतहरी पूलिस की कार्यप्रणाली के उपर सवालिया निशान खडा करता है।

### थाना जैतहरी पर गंभीर आरोप

पीड़ति ने दिनांक 14/12/2025 को थाना जैतहरी में रिपोर्ट दर्ज कराई, फिर 25/12/2025 को स्थगन आदेश की अवहेलना की लिखित सूचना भी दी। बावजूद इसके, पुलिस ने 20/01/2026 तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस मौके पर खड़े होकर निर्माण कार्य को सपोर्ट कर रही है, उल्टा फरियादी को धमकाया जा रहा है और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा है। यह कानून की रक्षा है या कानून की खुलेआम हत्या?

### दीवारें टूटीं, छतें दरकीं, नुकसान की कौन करेगा भरपाई?

अवैध निर्माण के कारण पीड़ति के मकान की दीवार और छत क्षतिग्रस्त हो चुकी है। आर्थिक नुकसान अलग, मानसिक तनाव अलग। पीड़ति न्याय की गुहार लगा रहा है लेकिन नुकसान की भरपाई और अपनी भूमि वापस पाने की मांग कर रहा है, लेकिन प्रशासन की चुप्पी पीड़ा को और गहरा कर रही है।

### दिन में नहीं आती पुलिस, रात में दिखता है एक्शन

सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि जब निर्माण कार्य चल रहा होता है, तब सूचना देने पर पुलिस नहीं आती है। रात में, जब काम बंद रहता है, तब औपचारिक दौरा कर लिया जाता है। यह कार्रवाई नहीं, खानापूर्ति है। सवाल उठता है कि क्या यह संयोग है या सुनियोजित लापरवाही? क्या जैतहरी में स्थगन आदेश सिर्फ कागज़ का टुकड़ा बनकर रह गया है? क्या पुलिस की वर्दी अब न्याय की नहीं, दबंगों की रखवाली का प्रतीक बन चुकी है? और सबसे बड़ा सवाल यह है कि आम आदमी आखिर जाए तो जाए कहां? पीड़ति ने प्रशासन से अवैध निर्माण पर तत्काल कार्रवाई, भूमि वापसी और नुकसान की भरपाई की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन जागता है या यह मामला भी फाइलों की धूल में दबा दिया जाता है।

### कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

प्रार्थी राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने जैतहरी पुलिस व तहसीलदार के दर न्याय कि आश को त्यागकर 20 जनवरी 2026 को कलेक्टर अनूपपुर व पूलिस अधीक्षक अनूपपुर से लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार की है। उन्होने अपने आवेदन में अपने पैतृक भूमि ग्राम सिवनी में खसरा नम्बर 365/2 रकबा 0.109 हेक्टेयर (27 डिसमिल) के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

# शराब के नशे में ड्यूटी, स्काउट अभ्यास के दौरान छात्र से मारपीट का गंभीर आरोप

**शराबी वर्दीधारी ने स्काउट छात्र को पीटा, 3 दिन बाद भी प्रशासन मौन**

### तीन दिन बाद भी कार्रवाई शून्य, 26 जनवरी को धरने की चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कानून की रक्षा की शपथ लेने वाली पुलिस पर ही यदि कानून तोड़ने के आरोप लगें, तो यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि पूरे तंत्र पर प्रश्नचिह्न होता है। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले से सामने आया मामला ऐसा ही है, जिसने पुलिस प्रशासन की संवेदनशीलता, जवाबदेही और अनुशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। आरोप है कि शराब के नशे में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने खुले स्कूल ग्राउंड में स्काउट अभ्यास कर रहे कक्षा 10वीं के नाबालिग छात्र के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि अभद्र और अपमानजनक भाषा का भी प्रयोग किया।

फालोअप



### क्या नाबालिग को मारना पुलिस की ड्यूटी है?

पीड़ति छात्र सागर यादव के अनुसार, घटना के समय वह अपनी स्काउट टीम और स्काउट कमांडर के साथ नियमित अभ्यास कर रहा था। तभी कथित रूप से पुलिसकर्मी परसादीलाल वहां पहुंचे। छात्र का आरोप है कि पुलिसकर्मी के मुंह से शराब की तेज गंध आ रही थी, वर्दी अस्त-व्यस्त थी और गुटखा भी खाया हुआ था जो कि पुलिस आचार संहिता और अनुशासन नियमों का सीधा उल्लंघन है। इतना ही नहीं, छात्र का दावा है कि पुलिसकर्मी ने उसका हाथ पकड़कर खींचा, गर्दन पर प्रहार किया और कहा "जब हम तुम्हारी उम्र के थे तो हमारी मार-मारकर परेड कराते थे।" यह कथन न केवल मानवीय गरिमा पर हमला है, बल्कि यह दर्शाता है कि हिंसा को प्रशिक्षण का पर्याय मानने वाली मानसिकता अब भी सिस्टम में मौजूद है।

### संविधान और बाल अधिकारों पर सीधा प्रहार

कानूनी जानकारों के अनुसार, यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21, बाल अधिकार संरक्षण कानून, और मानवाधिकार मानकों का खुला उल्लंघन है। नाबालिग के साथ सार्वजनिक स्थान पर की गई कथित पुलिसिया मारपीट दंडनीय अपराध की श्रेणी में आती है।

### शिकायत के बाद भी सन्नाटा

चौंकाने वाली बात यह है कि छात्र द्वारा 19 जनवरी 2026 को विद्यालय प्राचार्य को लिखित शिकायत दिए जाने के तीन दिन बाद भी न तो कोई ठोस जांच शुरू हुई और न ही पीड़ति को सुरक्षा का आश्वासन मिला। इस चुप्पी ने यह सवाल खड़ा कर दिया है क्या वर्दी के भीतर बैठे लोग वर्दी वालों पर कार्रवाई से डरते हैं?

### 26 जनवरी को स्कूल ग्राउंड में धरने की चेतावनी

न्याय न मिलने की स्थिति में छात्र, स्काउट टीम और अन्य विद्यार्थियों ने 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस) को उसी स्कूल ग्राउंड में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है, जहां यह घटना हुई थी। छात्रों का कहना है कि यदि नाबालिग की सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं की जा सकती, तो संविधान की किताबें केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह जाएंगी।

### अब प्रशासन के सामने सीधा सवाल

क्या शराब के नशे में ड्यूटी करने वाला पुलिसकर्मी कानून से ऊपर है?, क्या नाबालिग पर हाथ उठाने के बाद भी वर्दी सुरक्षित रह सकती है?, और क्या गणतंत्र दिवस से पहले प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाएगा?, अब निगाहें पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर टिकी हैं। कार्रवाई होगी या सिस्टम एक बार फिर खामोश रहेगा? यह मामला केवल एक छात्र का नहीं यह पुलिस बनाम संविधान की परीक्षा है।

# नगर परिषद द्वारा साहसिक एवं पारंपरिक खेलों का सफल संचालन

### पवित्र नगरी अमरकंटक में आनंद उत्सव का भव्य आयोजन

**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशानुसार जिला प्रशासन अनूपपुर के तत्वावधान में पवित्र नगरी अमरकंटक में नगर परिषद द्वारा आनंद उत्सव का भव्य, गरिमामय एवं एक दिवसीय आयोजन 21 जनवरी 2026, बुधवार को नगर परिषद मैदान में संपन्न हुआ। आयोजन में पारंपरिक एवं साहसिक खेलों के माध्यम से बच्चों में खेल भावना, उत्साह एवं आपसी सहयोग का संदेश दिया गया। आनंद उत्सव में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक, कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अमरकंटक के कुल 72 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत कबड्डी, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ एवं चम्मच दौड़ जैसी चार पारंपरिक एवं साहसिक खेल विधाओं का सफल आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में 50 छात्र एवं 22 छात्राएं शामिल रहीं। कबड्डी (बालक वर्ग) में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक विजेता तथा कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय उपविजेता रहा। रस्साकसी (बालक वर्ग) में कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय विजेता एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अमरकंटक उपविजेता रहा। चम्मच दौड़ (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थानः प्रकृति जायसवाल



(कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय), द्वितीय स्थानः युविका गोयल (सरस्वती शिशु विद्या मंदिर), तृतीय स्थानः रितिका श्याम (कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय)। कुर्सी दौड़ (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थानः आस्था धुर्वे (पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय), द्वितीय स्थानः आकांक्षा पिटानिया (सरस्वती शिशु विद्या मंदिर), तृतीय स्थानः आरती संत (पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय)। समापन अवसर पर विजेता, उपविजेता एवं प्रथम-द्वितीय-तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आनंद उत्सव के उद्घाटन एवं समापन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उईके, चैन सिंह मंडलोई, गणेश पाठक, सनत पांडेय, मेघा सिंह, बैजनाथ चंद्रवंशी, राम डोंगरे, राजेंद्र जायसवाल, पत्रकार धनंजय तिवारी, विपुल बर्मन एवं श्रवण उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में संगीता दीन, रविशंकर तिवारी, सुभाष गुप्ता, सौखी लाल सारीवान, प्रीतम कुमार एवं विनोद कुमार सहित अन्य सहयोगियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# तीन हाथियों का समूह पहुंचा छुलहा गांव




**अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह बुधवार के दिन वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी के पचौहा पंचायत के पाठबाबा के जंगल में दिन भर विश्राम करने बाद देर रात कुसुमहाई, टकहुली, चांदपुर, गुवारी, अमगवां होते हुए 22 जनवरी गुरुवार की सुबह वन परिक्षेत्र थाना एवं तहसील अनूपपुर के ग्राम पंचायत छुलहा के छुलहा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं गोंडान टोला के पीछे लेंटाना की झाड़ियो के बीच पहुंचकर विश्राम कर रहे है हाथियों के द्वारा विगत रात दो मकान में तोड़फोड़ कर ग्रामीणों के खेत एवं बाडियों में लगे विभिन्न तरह के फसलों को अपना आहार बनाया है हाथियों का समूह विगत 29 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से प्रवेश कर अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र से अनूपपुर क्षेत्र में प्रवेश कर विचरण कर रहा है। वन विभाग का गस्ती दल हाथियों के विचरण पर निगरानी रखते हुए ग्रामीण जनों को हाथियों से दूरी बनाए रखने हाथियों के साथ किसी भी तरह की छेड़खानी नहीं करने की अपील की है।

# किरर टोल प्लाजा में अब चौपहिया वाहनों का भी कटने लगा पैसा

### राष्ट्रीय राजमार्ग से भी ज्यादा काटा गया पैसा

**अमरकंटक।** अनूपपुर अमरकंटक राज्य मार्ग के किरर टोल प्लाजा में अब चौपहिया वाहन का पैसा लगने लगा है। वह भी राष्ट्रीय राजमार्ग से भी बहुत ज्यादा पैसा लग रहा है एमपी आरडीसी के किरर टोल प्लाजा में एक नया ही कारनामा दिखाई दिया है जिसके तहत हुंडई कंपनी के ग्रैंड आई 10 एमपी 20 सी ई 9046 के वाहन डीएस सेंगर अपने निजी कार्यों से 19 जनवरी को रीवा गए हुए थे वापस 21 जनवरी दिन बुधवार को उक्त वाहन से वापस अमरकंटक आ रहे थे किरर टोल प्लाजा से निकलते ही उनके पास लगे फास्ट टैग से रकम 140 रुपए कटने का संदेश मोबाइल पर आया उन्होंने कहा कि इतना पैसा तो राष्ट्रीय राजमार्ग में




लगे टोल प्लाजा में नहीं कटता किंतु किरर टोल प्लाजा के द्वारा 140 रुपए कैसे और क्यों काट लिए गए जबकि छोटे चौपाहियां वाहनों का कार्टून अभी नहीं कट रहा है इसके बावजूद उनके एमपी 20 सीई 9046 हुंडई ग्रैंड आई 10 का 140 रुपए किसी अन्य शंकाओं को जन्म देता है। क्या किरर टोल प्लाजा के द्वारा छोटे मझोले वाहनों का पैसा लगने लगा है फास्ट टैग से इतना पैसा कैसे और क्यों काटा गया इससे उन्हें शंका हो रही है।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ अनूपपुर ने मनाया कर्तव्य बोध दिवस

### कर्तव्य का बोध होना ही असली कर्तव्य बोध-अनिल सिंह

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी अनूपपुर के तत्वाधान में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल दुलहरा में 21 जनवरी को कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अनिल कुमार सिंह प्रदेश संयोजक जनजातीय कार्य विभाग रहे। सर्व प्रथम आए हुए अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मां सरस्वती बंदना का गायन पंडित प्रणय कुमार त्रिपाठी के द्वारा मनमोहक ढंग से किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत का प्रस्तुतीकरण किया। अनिल कुमार सिंह द्वारा सभी उपस्थित शिक्षकों को अपने मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराया तथा उन्होंने कहा कि यदि हम अपने कर्तव्य का पालन करते हैं तो अपने आप ही किसी के अधिकार का सम्मान हो जाता है। राष्ट्र भावना, राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत उनका यह संबोधन बहुत ही प्रेरणा दायक रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह, संस्था के विद्वान प्राचार्य




राजीव श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्राधानाध्यापक रामभरोसे प्रजापति, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय निगम को अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ द्वारा जारी शैक्षिक कैलेण्डर, "हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ" साहित्य एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल दुलहरा राजीव श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजय कुमार निगम, जिला सचिव शीलवंत तिवारी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण मौर्य के द्वारा कर्तव्य बोध के विषय में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष तरुणेन्द्र द्विवेदी, नगर इकाई अध्यक्ष अमिता मरकाम, सचिव हेतराम साहू, निशांत सिंह, प्रणय त्रिपाठी, लाल सिंह राठौर, पूर्व तहसील अध्यक्ष प्यारेलाल साहू, श्रीमती अनुराधा चतुर्वेदी, अंजनी रौतिया, शमीम खान, विनीत कुमार पटेल, उषा किरण मिंज, मेखेस नामदेव, सुश्री सेलिना बरवा, हेमन्ती खेस्स, नीलेश द्विवेदी के साथ विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन संभागीय संगठन मंत्री डॉ नरेन्द्र पटेल के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रामभरोसे प्रजापति के द्वारा किया गया।